हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
गुरुवार
30 अक्तूबर 2025, कार्तिक शुक्ल पक्ष, अष्टमी, विक्रम संवत् 2082, बरेली

PAGE NO 05 MIDDLE

# एसआरएमएस-देहरादून स्ट्राइकर्स के बीच कल फाइनल

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी वुमन क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 के दूसरे दिन बुधवार को खेले गए मुकाबलों में देहरादून स्ट्राइकर्स और एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बना ली। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी मैदान पर हुए तीसरे मैच में देहरादून स्ट्राइकर्स ने दिल्ली दबंग को 68 रन से हराया।



एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के मैदान में हो रहे वुमन क्रिकेट टूर्नामेंट में शॉट खेलती खिलाड़ी।

देहरादून की कप्तान आराधना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 149 रन बनाए। पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली नीलम बिष्ट ने एक बार फिर अर्धशतक जमाते हुए 52 गेंदों पर 57 रन (1 छक्का, 8 चौके) बनाए। रोज ने 23 और यशिका ने 36 रन जोड़े। जवाब में दिल्ली दबंग टीम निर्धारित ओवरों में 6 विकेट पर 81 रन ही बना सकी। इसमें नेहा ने नाबाद 21 रन बनाए। देहरादून की ओर से आरती सैनी और नीलम बिष्ट ने कसी हुई गेंदबाजी की। नीलम बिष्ट को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

चौथे मैच में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने हल्द्वानी क्वीन्स को 23 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएमएस की टीम ने 8 विकेट पर 108 रन बनाए। मनीषा कंवर ने 34 और काजल ने 27 रन बनाए। जवाब में हल्द्वानी टीम 85 रन पर सिमट गई। अंकिता शाह ने 23 रन बनाए। एसआरएमएस की मीनाक्षी यादव ने 3 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट चटकाए और मैन ऑफ द मैच बनीं। फाइनल मुकाबला 31 अक्तूबर को सुबह नौ बजे एसआरएमएस और देहरादून स्ट्राइकर्स के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट के तीसरे दिन गुरुवार को दिल्ली दबंग बनाम हल्द्वानी क्वीन्स तथा एसआरएमएस बनाम देहरादून स्ट्राइकर्स के मैच होंगे।